वर्ष 29 अंक 48
पृष्ठ 16
बरेली, सोमवार
30 अक्टूबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO 09 TOP LEFT

इंजीनियरिंग कॉलेजों में वैल्यू एजुकेशन सेल हुई अनिवार्य

एकेटीयू ने सभी कॉलेजों को दिए निर्देश, 17 सेंटर भी बनाए गए

जागरण संवाददाता, लखनऊ : सूबे में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेजों में अब वैल्यू एजुकेशन सेल का गठन अनिवार्य होगा। कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने सभी कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने यहां पर यह सेल अनिवार्य रूप से गठित कर लें और मानवीय मूल्यों की शिक्षा दें। इससे उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होगा। यही नहीं वह शिक्षा का मकसद सिर्फ नौकरी व रोजगार न समझें बल्कि वह राष्ट्र व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी व जवाबदेही का भी एहसास कर सकें। विश्वविद्यालय ने सूबे में 17 नोडल सेंटर भी बनाए हैं, ताकि वह इसकी मानीटरिंग कर सकें और समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करवाएं। यही नहीं लापरवाही बरतने पर कॉलेजों को विवि की ओर से चेतावनी भी दी गई है।

एकेटीयू ने सभी इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेजों में लागू किए गए च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत वैल्यू एजुकेशन का क्रेडिट भी निर्धारित किया है। यानी पाठ्यक्रम में इसे पढ़ाया जा रहा है। विद्यार्थियों को इसके तहत मानवीय व नैतिक मूल्यों की शिक्षा के साथ-साथ उन्हें ग्रीन टेक्नोलॉजी पर भी जोर देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक किया जाएगा। फिलहाल कॉलेजों में सभी विभाग इसे वैल्यू एजुकेशन सेल से जुड़ेंगे और वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाएंगे कि वह किस तरह अपनी निजी जिंदगी और प्रोफेशनल जीवन में रिश्तों और संबंधों की कद्र करें और सभी के साथ सामंजस्य बनाकर टीम वर्क में काम करना सीखें।

फैसला

- नियम के अनुसार पढ़ाई न करवाने पर कॉलेजों को चेतावनी
- सेल के जरिये मानवीय मूल्यों की मिलेगी शिक्षा

उधर, विश्वविद्यालय ने ऐसे कॉलेज जो इसमें लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें चेतावनी भी दी है। कुछ कॉलेज निर्धारित टाइम टेबल का पालन कर इसकी पढ़ाई नहीं करवा रहे। वहीं यूनिवर्सिटी की वैल्यू एजुकेशन सेल द्वारा दिए जाने वाले आठ दिवसीय प्रशिक्षण और सर्टिफिकेट के बिना ही कॉलेजों में इसकी पढ़ाई करवा रहे हैं। ऐसे में अगर कॉलेजों ने गड़बड़ी की तो कार्रवाई की जाएगी।